# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

## HINDI COURSE-A

**Time - 3 Hours** | **Class - X** | **M.M. : 80**

**Date – 14.09.2022 (Wednesday)**

**Name of the student** ______________________ **Section** ________

**सामान्य निर्देश -**

- **इस प्रश्न-पत्र में 2 खंड हैं - खंड अ और खंड ब |**
  खंड अ - वस्तुपरक प्रश्न , खंड ब - वर्णनात्मक प्रश्न |
- निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए प्रश्न के उत्तर दीजिए |

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न - 40 अंक)

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए |** 1x5=5

विद्यार्थी जीवन साधना और तपस्या का जीवन है। यह काल सांसारिक भटकाव से स्वयं को दूर रखने का काल है, परंतु आज का विद्यार्थी वर्तमान के स्थान पर अपने भविष्य के प्रति अधिक चिंतित है। उसका भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा? इस प्रश्न को सुलझाने के विषय में सोचिए जरूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए, क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अतः नींव को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे।

अत:आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है, क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें। वर्तमान रूपी नींव को मजबूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव बनती गई, तो भविष्य रूपी इमारत भी अवश्य बन जाएगी। जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें। यह सोचते हुए समय खराब न करें कि हे भगवान! मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं? ऐसा करने से आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है।

I. आज का विद्यार्थी किसके लिए अधिक चिंतित है?

(क) स्कूल के पाठ्यक्रम से (ख) परीक्षाफल के डर से

(ग) सफलता न मिलने के डर से (घ) भविष्य के लिए

II. विद्यार्थी को वर्तमान की अपेक्षा भविष्य पर कम ध्यान देना चाहिए, क्योंकि -

(क) वर्तमान ही जीवन है। (ख) वर्तमान ही भविष्य का आधार है

(ग) वर्तमान बलवान है (घ) वर्तमान दीर्घकालिक है

III. गद्यांश में विद्यार्थियों के लिए क्या प्रेरणा दी गई है?

(क) वर्तमान रूपी नींव मजबूत बनाना (ख) भविष्य के बारे में सोचना

(ग) भविष्य के बारे में न सोचना (घ) मेहनत करना

IV. 'हे भगवान! मेरा क्या होगा।' वाक्य का कौन-सा भेद है?

(क) संदेहवाचक (ख) विस्मयवाचक (ग) विधानवाचक (घ) संकेतवाचक

V. प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक चुनिए।

(क) जीवन का लक्ष्य (ख) विद्यार्थी और भविष्य

(ग) समय का सदुपयोग (घ) आज का विद्यार्थी

**प्र.2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए |** 1x5=5

कोलाहल हो, या सन्नाटा, कविता सदा सृजन करती है,
जब भी आँसू हुआ पराजित, कविता सदा जंग लड़ती है।
जब भी कर्ता हुआ अकर्ता, कविता ने जीना सिखलाया,
यात्राएँ जब मौन हो गईं, कविता ने चलना सिखलाया|
जब भी तम का जुल्म चढ़ा है, कविता नया सूर्य गढ़ती है,
जब गीतों की फसलें लुटतीं शीलहरण होता कलियों का,
शब्दहीन जब हुई चेतना तब-तब चैन लुटा गलियों का |
जब कुर्सी का कंस गरजता, कविता स्वयं कृष्ण बनती है।
अपने भी हो गए पराए, यूँ झूठे अनुबंध हो गए,
घर में ही बनवास हो रहा, यूँ गूँगे संबंध हो गए।

I. कविता को सृजनात्मक कहा गया है, क्योंकि कविता-

(क) हर परिस्थिति में सृजक की भूमिका निभाती है (ख) गुणों की सराहना करती है

(ग) मौन यात्रा कराती है (घ) कवि का विश्वास दृढ़ करती है।

II. कविता सदा जंग लड़ती है,का भाव है-

(क) कविता में हारे हुए को सांत्वना देने की क्षमता है (ख) कविता संघर्ष की प्रेरणा देती है

(ग) कविता चुनौती स्वीकार करने को बाध्य करती है (घ) कविता आनंद देती है.

III. कविता जीना कब सिखाती है?

(क) जब कर्मठ अकर्मण्य हो जाता है (ख) जब लोग मौन साध लेते हैं

(ग) जब लोग हार जाते हैं (घ) जब लोग संन्यास लेने की सोचने लगते हैं

IV. जब निराशा और अंधकार पाँव पसारता है तब प्रेरणा कहाँ से मिलती है?

(क) स्वयं से (ख) समस्याओं से (ग) लोगों से (घ) कविता से

V. पराजित शब्द में 'इत' है -

(क) उपसर्ग (ख) संधि (ग)प्रत्यय (घ) समास

**अथवा**

जब बचपन तुम्हारी गोद में

आने से कतराने लगे,
जब माँ की कोख से झांकती जिंदगी
बाहर आने से घबराने लगे,
समझो कुछ गलत है।
जब तलवारें फूलों पर, जोर आजमाने लगे
जब मासूम आँखों में खौफ़ नज़र आने लगे
समझो कुछ गलत है।
जब किलकारियाँ सहम जाएँ
जब तोतली बोलियाँ, खामोश हो जाएँ, समझो.....
कुछ नहीं,बहुत कुछ गलत है।
क्योंकि जोर से बारिश होनी चाहिए थी,
पूरी दुनिया में, हर जगह, टपकने चाहिए थे आँसू,
रोना चाहिए था ऊपर वाले को, आसमाँ से फूट-फूट कर,
शर्म से झुकनी चाहिए थी इंसानी सभ्यता
की गर्दने, शोक का नहीं, सोच का वक्त है
मातम नहीं, सवालों का वक्त है
अगर इसके बाद भी सर उठा कर
खड़ा हो सकता है इंसान
समझो कि बहुत कुछ गलत है।

I. माँ की कोख से झाँकती जिंदगी को घबराहट क्यों हो सकती है**?**

(क) उसे बाहर की असुरक्षा का आभास हो रहा है (ख) उसे प्रदूषण का डर सता रहा है

(ग) उसे माँ ने बाहर की वास्तविकता बताई है (घ) बाहर का मौसम अनुकूल नहीं है

II. 'जब तलवारें फूलों पर जोर आजमाने लगें, जब मासूम आँखों में खौफ़ नज़र आने लगे'- का तात्पर्य है-

(क) जब मासूमों पर अत्याचार होने लगे

(ख) मानव अपने स्वार्थ के लिए उद्यान उजाड़ने लगे

(ग) जब मासूम बच्चों को भय के बिना रहना पड़े

(घ) जब मासूम आपस में लड़ने लगें

III. कवि के अनुसार बहुत गलत कब है**?**

(क) जब ओस तलवार की नोंक पर गिरे (ख) जब मासूम सहम जाएँ

(ग) जब बचपन समाप्ति की कगार पर हो। (घ) जब किलकारियों की गूंज खामोश हो जाए

IV. कुछ भी गलत नहीं है, यदि -

(क) बचपन गोद में आने लगे (ख) बच्चों पर अत्याचार होने लगे

(ग) बाल श्रम बढ़ जाए (घ) भ्रूण हत्या होने लगे

V. कवि के अनुसार अभी किसका वक्त है?

(क) सोच-विचार का (ख) दुःख मनाने (ग) उत्सव मनाने का (घ) मासूमों का

**प्र.3. निम्नलिखितय प्रश्नों के दिए गए विकल्पों में से <u>किन्ही चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए | 1x4=4**

I. प्रधानाचार्य हॉल में आए, विद्यार्थी शांत हो गए । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(क) प्रधानाचार्य के आते ही छात्र शांत हो गए ।

(ख) बच्चे तभी शांत हुए,जब प्रधानाचार्य आए।

(ग) जैसे ही प्रधानाचार्य आए बच्चे शांत हो गए।

(घ) प्रधानाचार्य आए और बच्चे शांत हो गए।

II. तुम घर गए और वह रोने लगी। (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए)|

(क) तुम घर गए तब वह रोने लगी (ख) तुम घर पहुँचे और वह रोने लगी

(ग) तुम्हारे घर जाते ही वह रोने लगी (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

III. 'पिता ने पुत्र को डाँटा और समझाया।' वाक्य है-

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) आश्रित वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

IV. 'माँ ने एक बहुत सुंदर गुड़िया बनाई है।' में विधेय है-

(क) माँ ने (ख) बनाई है (ग) गुड़िया बनाई है (घ) एक बहुत सुंदर गुड़िया बनाई है

V. 'मूर्तिकार मूर्ति बनाने के साथ पढ़ता भी है' का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण है-

(क) मूर्तिकार मूर्ति बनाता है और पढ़ता भी है।

(ख) मूर्तिकार मूर्ति बनाता हुआ पढ़ता भी है।

(ग) मूर्तिकार जब मूर्ति बनाता है,तब पढ़ता भी है।

(घ) यद्यपि मूर्तिकार मूर्ति बनाता है, लेकिन पढ़ता भी है।

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के दिए गए विकल्पों में से <u>किन्ही चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए | 1x4=4**

I. वाच्य के विषय में कौन-सी बात सही नहीं है?

(क) कर्तृवाच्य में अकर्मक-सकर्मक दोनों क्रियाओं का प्रयोग होता है।

(ख) कर्मवाच्य में क्रिया सदैव सकर्मक होती है।

(ग) भाववाच्य की क्रिया अकर्मक, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन होती है।

(घ) वाच्य कभी परिवर्तित नहीं होता ।

II. रवि नहीं लिखता-प्रस्तुत वाक्य को भाववाच्य में बदलिए-

(क) रवि लिख नहीं सकता । (ख) रवि द्वारा लिखा नहीं गया।

(ग) रवि से लिखा नहीं जाता । (घ) रवि नहीं लिख पाएगा।

III. रोगी चल नहीं सकता।-में वाच्य है -

(क) कर्मवाच्य (ख) भाव वाच्य (ग) कर्तृवाच्य (घ) क्रिया वाच्य

IV. शोभा ने फूल तोड़े - प्रस्तुत वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए-

(क) शोभा द्वारा फूल तोड़े गए। (ख) शोभा से फूल तोड़े जाते हैं।

(ग) शोभा द्वारा फूल तोड़े जाते (घ) शोभा फूल तोड़ती है।

V. कर्मवाच्य में प्रधानता होती है-

(क) कर्ता की (ख) कर्म की (ग) क्रिया की (घ) भाव की

**प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों के दिए गए विकल्पों में से किन्ही चार प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए | 1x4=4**

**रेखांकित शब्दों का पद -परिचय दीजिए-**

I. '**ईमानदार** व्यक्ति की सदा विजय होती है।'-

(क) जातिवाचक संज्ञा,पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(ख) भाववाचक संज्ञा पुल्लिंग एकवचन, कर्ता कारक।

(ग) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'व्यक्ति' विशेष्य।

(घ) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन,'व्यक्ति' विशेष्य

II. 'बीरबल **अकबर** के नवरत्नों में एक थे' |

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,पुलिंग, बहुवचन, संबंध कारक |

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,स्त्रीलिंग , बहुवचन, संबंध कारक |

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,पुलिंग , एकवचन ,संबंध कारक |

(घ) जातिवाचक संज्ञा ,पुलिंग ,एकवचन ,संबंध कारक |

III. 'मोहन **साइकिल** से विद्यालय जाता है' |

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,पुलिंग ,एकवचन ,संबंध कारक |

(ख)जातिवाचक संज्ञा ,स्त्रीलिंग ,एकवचन, करण कारक |

(ग) जातिवाचक संज्ञा,स्त्रीलिंग ,एकवचन ,कर्ता कारक |

(घ) भाववाचक संज्ञा ,स्त्रीलिंग ,बहुवचन ,करण कारक |

IV. 'ताजमहल **आगरा** में है |'

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा,कर्ता कारक | (ख)जातिवाचक संज्ञा,कर्म कारक |

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा,अधिकरण कारक | (घ)भाववाचक संज्ञा,कर्ता कारक |

V. 'नवाब का **लखनवी** अंदाज़ लेखक को प्रभावित न कर सका है।'

(क) विशेषण , सार्वनामिक , पुल्लिंग एकवचन। (ख)विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन।

(ग)विशेषण ,संख्यावाचक, पुल्लिंग ,एकवचन । (घ) विशेषण, कालवाचक, पुल्लिंग, एकवचन ।

**प्र.6. निम्नलिखित अलंकारों से संबंधित-पंक्तियों को पहचान कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए-** (कोई चार) **1x4=4**

(क) मानवीयकरण अलंकार है-

(I) पायो जी मैंने राम रतन धन पायो। (II) पीपर पात सरिस मन डोला।

(III) रघुपति राघव राजा राम। **(IV)** फूल हँसे कलियाँ मुसकाईं।

(ख) श्लेष अलंकार है-

(I) जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं। (II) हरिपद कोमल कमल- से।

(III) मंगन को देख पट देते बार-बार। **(IV)** अब अलि रही गुलाब में, अपत कँटीली डार।

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार है-

(I) मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहों।

(II) चारु चंद्र की चंचल किरणें।

(III) भूप सहस दस एकहि बारा। लगे उठावन टरत न टारा।।

**(Iv)** मैया मोरी मैं नहिं माखन खायो।

(घ) श्लेष अलंकार किस अलंकार के अंतर्गत आता है?

(I) शब्दालंकार (II) अर्थालंकार (III) उभयालंकार **(Iv)** उपरोक्त सभी

(ड.) जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना की जाए, वहाँ कौन - सा अलंकार होता है**?**

(I) उत्प्रेक्षा अलंकार (II) श्लेष अलंकार (III)मानवीकरण अलंकार **(Iv)** अतिशयोक्ति अलंकार

**प्र.7 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए | 1x5=5**

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू ।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा ।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही । बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही । बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्हीं।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।

I. लक्ष्मण किससे संवाद कर रहे हैं**?**

(क) विश्वामित्र से (ख) वशिष्ठ से (ग) परशुराम से (घ) राम से।

II. लक्ष्मण के अनुसार परशुराम का क्रोध अकारण है, क्योंकि-

(क) धनुष शिव जी का टूटा, परशुराम का नहीं

(ख) धनुष तोड़ना सीता स्वयंवर की शर्त थी

(ग) श्रीराम ने तो धनुष को केवल छुआ ही था कि वह टूट गया

(घ) धनुष तोड़ना कोई अपराध नहीं।

III. परशुराम जी की विशेषता नहीं है-

(क) बालब्रह्मचारी ख) क्षत्रियकुल द्रोही (ग) अतिक्रोधी (घ) राजाओं के राजा।

IV. परशुराम ने अपनी भुजाओं के बल से किया है-

(क) राक्षसों का संहार (ख) दीनों का उद्धार

(ग) भूमि को राजाओं से रहित (घ) भूमि को उपजाऊ ।

V. परशुराम ने अपने फरसे से किसकी भुजाओं को काटा?

(क) रावण की (ख) सहस्रबाहु की (घ) कुंभकर्ण की (ग) मारीच की

**प्र.8 पद्य खंड के पाठों के आधार पर दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए**

**1x1=1**

I. गोपियों के अनुसार राजनीति कौन पढ़ आए हैं?

(क) उद्धव (ख) श्रीकृष्ण (ग) ब्रज के लोग (घ) मथुरा के लोग

II. कवि कैसा स्वप्न देख कर जाग गया ? **1x1=1**

(क) डरावना (ख) सुखद स्वप्न

(ग) दुखद स्वप्न (घ) ऐसा स्वप्न जिसकी उन्हें प्राप्ति ही नहीं हुई।

**प्र.9 दिए गए गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए- 1x5=5**

गाड़ी छूट गई थी। सेकेंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए ।अनुमान के अनुकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताज़े- चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया ।सोचा,हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे- जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने में संकोच में हों। नवाब साहब ने संगति के लिए के लिए उत्साह नहीं दिखाया। हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्म सम्मान में आँखें चुरा लीं।

I. लेखक ट्रेन के सेकंड क्लास के डिब्बे में क्या सोच कर चढ़ा?

(क) डिब्बा भरा होगा। (ख) डिब्बा खाली होगा।

(ग) डिब्बे में थोड़े -से ही लोग होंगे। (घ) डिब्बा साफ सुथरा होगा।

II. 'सफ़ेदपोश' से क्या अभिप्राय है?

(क) भद्र व्यक्ति (ख) अभद्र व्यक्ति (ग) सरकारी अधिकारी (घ) नेता

III. बर्थ पर कौन पालथी मारकर बैठे थे?

(क) लेखक (ख) कानपुर के नवाब

(ग) लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन (घ) हैदराबाद के नवाब

IV. नवाब साहब संकोच में क्यों पड़ गए थे?

(क) स्वयं को सेकेंड क्लास में यात्रा करते देखकर।

(ख) डिब्बे में लेखक को देखकर।

(ग) अपनी नवाबी सोच के कारण।

(घ) खीरे जैसी वस्तु का शौक करते देखे जाने के कारण।

V. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है-

(क) लखनवी अंदाज़ (ख) लखनवी नवाब (ग) लखनवी रिवाज़ (घ) लखनवी खीरा

**प्र.10 दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए- 1x1=1**

I. बाल गोबिन भगत के गंगा स्नान का मुख्य उद्देश्य होता था-

(क) पुण्य कमाना (ख) पाप धो जाना

(ग) गंगा के सौंदर्य का दर्शन (घ) संत समागम और लोक दर्शन।

II. सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा निम्नलिखित में से किसके द्वारा लगाई गई? **1x1=1**

(क) शहर के प्रसिद्ध नेता द्वारा (ख) राज्य सरकार द्वारा

(ग) शहर के उद्योगपति द्वारा (घ) नगर पालिका के अधिकारी द्वारा।

## खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न - 40 अंक)

**प्र.11. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों मेंदीजिए। 2X3=6**

(क) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा देखकर हालदार साहब भावुक क्यों उठे?

(ख) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी?

(ग) 'लखनवी अंदाज़' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देना चाहा है?

(घ) लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उससे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?

**प्र.12. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए- 2x3=6**

(क) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?

(ख) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन- कौन से तर्क दिए?

(ग) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है?

(घ) आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में 'अभी समय भी नहीं ' कवि ऐसा क्यों कहता है?

**प्र.13. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्ही-दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए- 4x2=8**

(क) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है? लिखिए।

(ख) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों ' का शहर क्यों कहा गया है?

(ग) कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?

**प्र.14. दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **6**

(क) मोबाइल फोन आज की आवश्यकता

संकेत-बिंदु- •मोबाइल फोन का महत्त्व

•आवश्यक संचार-साधन

•सुविधाजनक

•उपयोग में सावधानी

(ख) नैतिक शिक्षा की आवश्यकता

संकेत-बिंदु- •मानवीय मूल्यों का सम्मान आवश्यक

•वर्तमान शिक्षा-प्रणाली में नैतिकता का अभाव

•चरित्र-निर्माण के लिए आवश्यक

• नैतिक शिक्षा का परिणाम।

(ग) आज का युग सूचना- प्रौद्योगिकी (**IT**) का युग

संकेत-बिंदु •सूचना प्रौद्योगिकी का युग

• प्रौद्योगिकी के साधन

• प्रौद्योगिकी का क्षेत्र

•जीवन में महत्व

**प्र.15.** विद्यालय में दसवीं कक्षा की परीक्षा से पूर्व विभिन्न विषयों के अध्यापन की अच्छी व्यवस्था करने के लिए प्राचार्य एवं अध्यापकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का एक **पत्र** 100 **शब्दों** में लिखिए| **5**

**अथवा**

अपने भविष्य के बारे में आपके क्या विचार हैं और उस दिशा में क्या कर रहे हैं ? यह स्पष्ट करते हुए अपने **पिताजी को पत्र** 100 **शब्दों** में लिखिए |

**प्र.16** भाई की शादी में अवकाश लेने हेतु प्रधानाचार्य को **80 शब्दों** में एक **ई-मेल** लिखिए। **5**

**अथवा**

अंतर-विद्यालयीन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के संबंध में अपने सहयोगियों को सूचित करने के लिए **80 शब्दों** में एक **ई-मेल** लिखकर भेजिए ।

**प्र.17** 'गांधी जयंती' के अवसर पर **60 शब्दों** में **शुभकामना संदेश** लिखिए । **4**

**अथवा**

अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ग्रस्त हैं | वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक **विज्ञापन** लगभग **60 शब्दों** में तैयार कीजिए |